मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित

8, अरेरा हिल्स, जेल रोड़, भोपाल–462004

Web-www.mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail: mpjalnigam@mp.gov.in
Ph : 0755-2579034,2579874 Fax : 0755-2579873
CIN - U41000MP2012SGC028798/2012

क्रमांक 14564 /72/स्था./म.प्र.ज.नि.मर्या./2024 भोपाल, दिनांक 01-07-2024

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश जल निगम, मुख्यालय एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों (पी.आई.यू.) में पदस्थापना हेतु उप महाप्रबंधक, (सिविल, इलेक्टिकल, मैकेनिकल) के रिक्त पदों पर, केन्द्र एवं सभी राज्य शासन के विभागों/मंडलों/निगमों से प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 20/07/2024 तक कार्यालयीन समय में आमंत्रित किए जाते है। नियुक्ति हेतु अर्हताएं, सेवा शर्ते, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं प्रमाणीकरण सहित अन्य विस्तृत विवरण जल निगम की वेंबसाइट https://mpjalnigam.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रबंध संचालक

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित
8, अरेरा हिल्स, जेल रोड़, भोपाल—462004

Web-www.mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail: mpjalnigam@mp.gov.in
Ph : 0755-2579034,2579874 Fax : 0755-2579873
CIN - U41000MP2012SGC028798/2012

क्रमांक/4564/72/स्था./म.प्र.ज.नि.मर्या./2024 भोपाल, दिनांक 01-07-2024

विज्ञप्ति

परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों में निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर पदस्थापना हेतु, अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आंमत्रित किए जाते हैं:–

क्र	पदनाम	वेतनमान/ एकजाई संविदा मानदेय	नियुक्ति का प्रकार	अधिकतम आयु सीमा	न्यूनतम अर्हताएं	अनुमानित पद सख्या	पद स्थापना
1	2	3	4	5	6	7	8
01	उप महाप्रबंधक (सिविल, इलेक्ट्रीकल एवं मैकेनिकल)	56100–1,77,500 ग्रेड पे रूपये 5400	प्रतिनियुक्ति		राज्य शासन के कार्य विभागों, म.प्र. राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनियों, केन्द्र एवं राज्य शासन के निगम, मण्डल व उपक्रम के कार्यपालन यंत्री के मूल पद पर कार्यरत डिग्री/डिप्लोमा धारी सिविल इलेक्ट्रीकल एवं मैकेनिकल इंजीनियर, अथवा ऐसे डिग्री/डिप्लोमा धारी सहायक यंत्री जिन्हें 04 वर्षो का अनुभव सहायक यंत्री के रूप में हो, जिसमें से 02 वर्षो का फील्ड का अनुभव हो, अथवा ऐसे सहायक यंत्री (सिविल डिग्री/डिप्लोमा धारी) जिन्हे मूल पद पर रहते हुए मध्यप्रदेश जल निगम में प्रबंधक के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो। पेयजल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन के अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।	08	निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई

* उक्त वेतनमान विज्ञापित पद नाम की श्रेणी को दर्शित करने हेतु अंकित किया गया है। प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना होने पर वेतन भुगतान चयन की शर्तें क्रमांक 02 के अनुसार किया जाऐगा।

चयन की शर्तें :–

1. प्रतिनियुक्ति से उक्त पदों की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में योग्य अभ्यर्थियों को गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के उपरांत उपयुक्त पाये जाने पर उनके मूल विभाग से सेवाकाल के अंतिम पांच वर्षो की ग्रेडिंग एवं विभागीय जांच इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जावेगी। मूल विभाग से प्राप्त गोपनीय प्रतिवेदन की ग्रेडिंग में कम से कम 03 वर्षो में "क" (बहुत अच्छा) या इससे उच्च तथा किसी भी वर्ष में "घ" (औसत से कम) न हो, के अनुरूप होना चाहिए। ऐसे अधिकारी के विरूद्ध कोई विभागीय जांच संस्थित नहीं होना चाहिए तथा किसी भी विजिलेन्स इन्क्वायरी यथा

लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो आदि द्वारा दोषी नहीं पाया जाना चाहिए, तब ही पदस्थापना हेतु पात्र माना जायेगा।

2 प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों को वर्तमान में प्राप्त हो रहे वेतन एवं भत्ते ही प्राप्त होंगे एवं मध्यप्रदेष शासन के नियमों के अनुसार अवकाश की पात्रता होगी। प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों पर म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 लागू होगा एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति में म.प्र. शासन के निर्देश लागू होगें।

3. उक्त पदों हेतु साक्षात्कार की दिनांक ई-मेल/एसएमएस/निगम की वेबसाइट पर पृथक से सूचित की जावेगी।

4. आवेदन पत्र में वांछित सभी अभिलेखों की सत्यापित प्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

5. अर्हताएं एवं आयु सीमा तथा अनुभव इत्यादि के संबंध में वर्षों की गणना विज्ञापन जारी होने के दिनांक से की जावेगी।

6. इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिनियुक्ति के पद हेतु उचित माध्यम से (एकं अग्रिम प्रति सीधे जल निगम, मुख्यालय) निर्धारित प्रारूप में आवेदन-पत्र प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम, 08, अरेरा हिल्स, जेल रोड़ भोपाल, म.प्र. के पते पर भेजेंगे। व्यक्तिगत रूप से आवेदन-पत्र जल निगम, मुख्यालय में जमा करने के लिये मुख्यालय में पदस्थ प्रबंधक (स्थापना) श्री एस.के.श्रीवास्तव, को अधिकृत किया जाता है।

डाक द्वारा आवेदन-पत्र भेजने वाले आवेदकगण अपने आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजें। सामान्य डाक या कोरियर के माध्यम से आवेदन-पत्र कार्यालय तक न पहुचने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा। साक्षात्कार में उपयुक्त पांये गये अभ्यार्थियों की जानकारी विभागीय वेबसाईट पर दर्शित की जावेगी। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.mpjalnigam.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

अतिरिक्त प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित